सार-समाचार

मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

छबड़ा (निसं)। फलिया पंचायत में इंडसइंड बैंक सीएसआर फ्लेगशिप प्रोग्राम के तहत वॉटर संस्था व संपदा ट्रस्ट द्वारा चार दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण का आयोजन 20 से 23 नवंबर तक किया गया। जिसमे लाभार्थियों को मुर्गी की नस्ल, रखरखाव, आवास एवं उनमें होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी गईं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को संपदा ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम का संचालन संपदा ट्रस्ट के क्षेत्रीय व्यवस्थापक लवलेश सकत, तकनीकी सहयोगी भरत सिंह मीणा, ब्लॉक छबडा से प्रॉजेक्ट ऑफिसर नरेश कुमार व टीम के साथियों द्वारा किया गया।

रोजगार सहायता शिविर 27 को

झालावाड़ (निसं)। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल केरियर सेंटर), झालावाड़ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 27 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (न्यू ब्लॉक) श्री प्रवीण शर्मा क्रिकेट ग्राउन्ड के सामने, झालावाड़ में आयोजित किया जायेगा जिसमें जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। जिला रोजगार अधिकारी अजय व्यास ने बताया कि शिविर की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होनें बताया कि इस शिविर में युवाओं को विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए निजी कम्पनियों द्वारा चयन किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण या इससे अधिक, आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है। साथ ही विभिन्न प्रशिक्षणदात्री, ऋणदात्री संस्थानों द्वारा रोजगार व स्वरोजगार प्रशिक्षण एवं ऋण के लिए आशार्थियों का चयन व मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में 10 से अधिक निजी क्षेत्र के नियोजक लगभग 1000 से अधिक रिक्तियों पर भर्ती करेगें। शिविर में फाईनेन्स, एग्रीकल्चर, सिक्युरिटी सर्विस, टेक्नीकल, मार्केटिंग एवं बीमा आदि सर्विस सेक्टर से संबंधित कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होगें। अत: बेरोजगार आशार्थियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर रोजगार व स्वरोजगार प्राप्त करने का प्रयास करें। अजय व्यास ने बताया कि जिले के जो भी नियोक्ता अपनी रिक्तियों के लिए शिविर में भाग लेना चाहते हैं रोजगार कार्यालय में 26 नवम्बर तक नि:शुल्क स्टॉल के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

स्थानीय भाषा शब्दकोश निर्माण कराया

बून्दी (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बून्दी में सीएमडीई प्रभाग द्वारा स्थानीय भाषा शब्दकोश निर्माण कराया गया, जिसको संशोधित व क्रमबद्ध करने के लिए प्रधानाचार्य जया शर्मा एमजीजीएस खटकड के नेतृत्व में सात सदसीय भाषा विशेषज्ञों ने तीन दिवस में 900 से ऊपर शब्दों की बून्दी में प्रचलित स्थानीय भाषा के शब्दों को क्रमानुसार व संशोधन करके तैयार किया। विशेषज्ञों के समूह में उप प्राचार्य प्रहलाद शर्मा, अनीता कुमारी शर्मा, आशीष शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, अर्पिता चौधरी, लक्ष्मीनारायण सैनी, आशुतोष दाधीच शामिल रहे। विशेषज्ञों की प्रभारी जया शर्मा ने स्थानीय भाषा शब्दकोश की हस्तलिखित प्रति प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा व वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र कुमार शर्मा व सीएमडीई प्रभाग अध्यक्ष जेपी त्रिपाठी को भेंट की। यह कार्य निदेशक आरएससीईआरटी उदयपुर के दिशा निर्देशों के आधार पर सम्पन्न कराया गया। प्रभाग अध्यक्ष जेपी त्रिपाठी ने बताया कि शीघ्र ही इसका मुद्रण कराकर निदेशक आरएससीईआरटी उदयपुर भेजा जाएगा तथा उनके प्रमाणीकरण के पश्चात बून्दी जिले में इसका वितरण राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक विद्यालय को किया जाएगा। इस शब्दकोश को प्रतिवर्ष अपडेट भी किया जाएगा।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

बून्दी (निसं)। राज्य कर्मचारियों पेंशनर्स तथा जरुरतमंद रोगियों के लिए अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल द्वारा 24 नवम्बर को अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल खोजा गेट रोड़ पर नि:शुल्क नेत्र रोग जांच एवं ऑपरेशन परामर्श शिविर प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जायगा। शिविर में राज्य सरकारी कर्मचारियों व आरजीएचएस कार्ड धारक का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन होगा। शिविर में मुख्य नेत्र विशेषज्ञ व रिफ्रैक्टिव सर्जन डॉ. संजय गुप्ता पेंशनर्स व नेत्र रोगियों को नि:शुल्क परामर्श देंगे व टोपिकल फेको पद्धित द्वारा बिना सुई बिना टांके व बिना पट्टी के मोतियाबिंद ऑपरेशन व फोल्डेबल लेंस प्रत्यारोपण करेंगे। संस्थान के प्रबंधक जयसिंह सोलंकी ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद, काला पानी, नाखूना, नासूर, भेंगापन, मूंदी पलके, आंखों की एलर्जी, ड्राई आई, बच्चों में होने वाला मोतियाबिंद, बच्चो का नासूर, दृष्टिदोष चोट के पश्चात बनने वाला मोतियाबिंद, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से होने वाली परदे की बीमारियों आदि समस्त रोगों की जांच व उपचार किया जायेगा।

युवक का शव मिला

कोटा, (निसं)। सिमलिया थाना इलाके में वाहन की टक्कर से नहर में गिरे बाईक सवार युवक का शव शनिवार को घटना से तीन किलोमीटर दूर नहर में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक खान की झोपडी निवासी सूरज (21) है, जो गुरूवार को बाईक से रानपुर से गांव आते समय सिमलिया क्षेत्र में वाहन की टक्कर से युवक नहर में गिर गया था। जिसकी नहर में गिरने की आशंका पर गोताखोरों द्वारा तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों का सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पूनिया केंद्रीय पर्यवेक्षक बने

बून्दी (निसं)। हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया को भाजपा संगठन चुनाव के केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाए जाने पर बून्दी भाजपा जिला प्रवक्ता अनिल जैन तालेडा ने भाजपा राष्ट्रीय संगठन का आभार व्यक्त किया है। भाजपा राष्ट्रीय संगठन ने सतीश पूनिया को हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड राज्य की जिम्मेदारी दी है। हरियाणा चुनाव में विजय के बाद सतीश पूनिया के बढ़ते हुए कद को देखकर भाजपा राष्ट्रीय संगठन ने सतीश पूनिया को चार राज्यों के संगठन के चुनाव की बडी जिम्मेदारी दी है जिस पर अनिल जैन ने राष्ट्रीय संगठन का आभार जताया है।

ऊर्जा राज्य मंत्री आज झालावाड़ दौरे पर

झालावाड़ (निसं)। ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर 24 नवम्बर को झालावाड़ के दौरे पर रहेंगे। निजी सचिव राजेन्द्र नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि नागर 24 नवम्बर को चामुण्डा माता मन्दिर मोईकलां से प्रात: 10.10 बजे रवाना होकर प्रात: 11 बजे सर्किट हाऊस झालावाड़ पहुंचेंगे। इसके पश्चात् प्रात: 11.35 बजे खण्डिया पावर हाऊस कॉन्फ्रेन्स हॉल में विद्युत विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 1.30 बजे कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

विभिन्न आरोपों में चार गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे तीन दिवसीय विशेष अभियान के तहत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीआई राजेश खटाना ने बताया कि जफर मोहम्मद निवासी जोहरीपुरा, कमलकिशोर कोली निवासी संजय कॉलोनी, लड्डूलाल निवासी छबड़ा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 1190 रूपए की सट्टा राशि व सट्टा उपकरण जब्त किए। वही, छीपाबडौद के खेडी निवासी मनीश धाकड़ को अवैध तलवार के साथ गिरफ्तार किया।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 25 को

बूंदी (निसं)। सिलोर संत कबीर लोक कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में काली तलाई गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 25 नवंबर को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। संत सुबोध ने बताया कि सुबह 9 बजे से दोपहर 2 तक नेत्र परीक्षण किया जाएगा। बिरला आई हॉस्पिटल के डॉ. शैलेंद्र बिरला द्वारा ऑपरेशन योग्य मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा, साथ में दवाइयां और चश्मा भी नि:शुल्क दी जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया

झालावाड़ में रेल आ चुकी है, अब हवाई जहाज भी उड़ेगा वह दिन दूर नहीं : वसुन्धरा राजे

झालावाड़, (निसं)। झालरापाटन में महाराणा प्रताप चौराहा (थाना चौराहे) पर शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा क्षेत्र झालरापाटन की विधायक वसुन्धरा राजे के मुख्य आतिथ्य में महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं झालावाड-बारां सासंद दुष्यन्त सिंह द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है जब झालावाड़ की इस पावन धरती पर महान योद्धा महाराणा प्रताप की 14 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिमा को इस धरती पर स्थापित करने में सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वीर योद्धा महाराणा प्रताप ने मुगल सल्तनत के सामने सिर नहीं झुकाया और मातृभूमि की रक्षा के लिए 50000 सैनिकों की सेना का सीमित संसाधनों एवं केवल 20000 सैनिकों की सेना के साथ सामना किया।

उन्होंने कहा कि वीर योद्धा महाराणा प्रताप से हमें प्रेरणा मिलती है कि हमें जब तक परिश्रम करते रहना चाहिए जब तक मंजिल ना मिल जाए। उन्होंने कहा कि आज झालावाड़ जिले में कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारम्भ किया गया है, यह पहली बार नहीं हुआ है। झालावाड़ की जनता के प्रेम और आशीर्वाद से हमने यहां के लोगों को एक से एक सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया है, चाहे वो किसी भी क्षेत्र में हो। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पूर्व झालावाड़ से रेल निकलना एक सपना था लेकिन रामगंजमण्डी-भोपाल रेलवे लाइन के रूप में आज वो सपना साकार होता नजर आ रहा है। इसी प्रकार वो दिन दूर नहीं जब झालावाड़ की जमीन से हवाई सफर करना भी मुमकीन हो सकेगा।

झालरापाटन में महाराणा प्रताप चौराहा पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के मुख्य आतिथ्य में महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इन कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारम्भ:- पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे एवं झालावाड-बारां सांसद दुष्यन्त सिंह द्वारा झालावाड जिले को कई सौगातें देते हुए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारम्भ किया गया। इस दौरान 24.23 लाख रुपए की लागत के महात्मा गांधी स्कूल झालरापाटन में 2 कक्षा-कक्षों एवं 1 डोम शेड निर्माण कार्य, 8 लाख रुपए की लागत से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिन्दौर में कक्षा-कक्ष का निर्माण, 15 लाख रुपए की लागत से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालरापाटन में 2 कक्षा-कक्ष एवं बरामदा निर्माण, 10 लाख रुपए की लागत से राजकीय उच्च नूतन प्राथमिक विद्यालय झालरापाटन में इन्टरलोकिंग एवं छात्र-छात्राओं के लिए टॉयलेट निर्माण, 25 लाख रुपए की लागत से वार्ड संख्या 1 में भीलेश्वर महादेव मन्दिर पर सामुदायिक भवन का निर्माण, 25 लाख रुपए की लागत से वार्ड संख्या 34 में मेघवाल छात्रावास पर सामुदायिक भवन निर्माण, 18 लाख रुपए की लागत से वार्ड संख्या 10 में भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर सामुदायिक भवन का निर्माण एवं 46 लाख रुपए की लागत से बने झालरापाटन के प्रवेश पर स्वागत द्वार का लोकार्पण किया गया।

चिकित्सा क्षेत्र में इन कार्यों का किया लोकार्पण एवं शुभारम्भ:- पूर्व मुख्यमंत्री एवं झालावाड-बारां सांसद द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज झालावाड संलग्न चिकित्सालय हीराकुंवर बा महिला चिकित्सालय में लेब का उद्घाटन किया गया। वहीं सेटेलाइट चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट एवं रामाश्रय वार्ड का शुभारंभ, सेटेलाइट चिकित्सालय में 75 लाख रुपए की लागत के ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट लेब का शुभारम्भ, 55-55 लाख रुपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र बांसखेडी तहसील पिडावा, उप स्वास्थ्य केन्द्र खारपाकलां तहसील पिड़ावा, उप स्वास्थ्य केन्द्र मगीसपुर तहसील पिडावा एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पृथ्याखेडी तहसील झालरापाटन का लोकार्पण किया गया।

जनता क्लिनिक का शुभारम्भ:- झालावाड़-बारां सांसद दुष्यन्त सिंह ने शनिवार को मिनी सचिवालय परिसर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्यं परम् धनम् (जनता क्लिनिक) का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद ने पंजीकरण कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण केन्द्र, लैब एवं ऑब्जर्वेशन कक्ष का अवलोकन किया।

- **महाराणा ने मातृभूमि की रक्षा के लिए दुश्मनों के सामने सिर नहीं झुकाया**

इस दौरान जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मिनी सचिवालय में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्यं परम् धनम की शुरूआत होने से यहां आने वाले लोगों को बहुत सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि मिनी सचिवालय में किसी ना किसी काम से आने वाले लोग इस स्वास्थ्य केन्द्र में अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। साथ ही मिनी सचिवालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

पुलिस लाईन में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण:- झालावाड-बारां सांसद ने पुलिस लाईन झालावाड में सांसद कोष के माध्यम से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान मनोहरथाना विधायक गोविन्द रानीपुरिया, डग विधायक कालूराम मेघवाल, अंता विधायक कंवरलाल मीणा, पूर्व विधायक निर्मल सकलेचा, जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा, नगर परिषद् झालावाड़ के सभापति संजय शुक्ला, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय जैन ताऊ, उप सभापति प्रदीप सिंह राजावत, आरपीएससी के पूर्व चेयरमेन श्याम सुन्दर शर्मा, मुकेश चेलावत, चन्द्रमोहन धाबाई एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

'विकास कार्यों में विद्यार्थियों को भी सहभागिता निभानी होगी'

बूंदी (निसं)। शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशानुसार शहर के आदर्श विद्या मंदिर,गुरु नानक कॉलोनी,बूँदी मैं विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में परियोजना के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में केप-आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने बताया कि हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल हमें प्रकृति के द्वारा दिया गया है तो हमें इसका सम्मान करना चाहिए न कि इसका व्यर्थ में बर्बाद करना चाहिए। जल के बिना जीवन असंभव है। अगर आज हमने जल का संरक्षण नहीं किया तो आने वाली भावी पीढ़ियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जायेंगी।

जल संरक्षण पर बच्चों की भूमिका व नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नई जल प्रदाय योजना से पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ व मीटर युक्त मिलेगा। इसी क्रम में कैप जयपुर से आये एक्सपर्ट मनोज श्रीवास्तव ने बताया की फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोडे मग में पानी लेकर सेव करे इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हेमेन्द्र कुमार गौतम ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला।

शहनाई की धुन पर महंगाई की मार

छबड़ा (निसं)। महंगा की मार रोजमर्रा की जरूरतों के साथ अब विवाह समारोहों पर भी पड़ रही है। बीते सालों की तुलना में सात फेरे 25 से 30 तक महंगे हो गए हैं। किसी भी मध्यम वर्गीय परिवार के लिए विवाह समारोह अब आसान नहीं रहा है। हालांकि इसके बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है। रीति-रिवाज के अनुसार लोग मैरिज गार्डन सहित हलवाई, बैंड आदि की एडवांस बुकिंग कर रहे हैं। खर्च घटाने के लिए मेनू में कटौती के साथ गैरजरूरी औपचारिकताओं को छोड बाकी रस्मों के लिए तैयारियां कर रहे हैं।

मध्यम वर्ग से लेकर एलीट वर्ग के लोग अपने बजट के अनुसार शादी हॉल बुक कर रहे हैं। महंगा के बाद भी बाहर जाकर बड़े और नामी डेस्टिनेशन बुक कर रहे हैं और आयोजन को भव्य बनाने के लिए इवेंट मैनेजमेंट का सहारा भी ले रहे हैं। देवउठनी एकादशी से शुरू होकर दिसंबर के अंत तक विवाह के मुहूर्त है।

इन दिनों विवाह समारोहों में कुछ अतिरिक्त खर्च बढ़ गए हैं। बॉलीवुड की तर्ज पर विवाह समारोहों का आयोजन होने लगा हैं। पहले जहां मेहंदी, हल्दी जैसे आयोजन घर की महिलाएं कर लिया करती थीं, वहीं अब ये पारंपरिक आयोजन भी बडे स्तर पर होने लगे हैं। जिनमें कपडों से लेकर सजावट, फोटो, वीडियोग्राफी पर बडा खर्च किया जा रहा है।

साथ ही पहले जहां विवाह कार्यक्रम शुरू होते ही घर की बुजुर्ग महिलाएं ढोलक पर मंगल गीत गाया करती थीं, हर रस्म के अलग गीत होते थे। लेकिन अब एक दिन महिला संगीत के लिए रखा जाता है, जिसके आयोजन पर बड़ा खर्च किया जाता है। प्री-वेडिंग फोटोग्राफी का खर्च भी विवाह समारोहों के खर्च में बढोतरी कर रहा है।

भोजन डिमांड भी मल्टी डिश वाली:- दरअसल, पहले विवाह आयोजनों में खाने का मेनू सामान्य और पारंपरिक होता था, लेकिन अब युवा और महिलाएं मेनू तय करते हैं। जिसमें पारंपरिक भोजन के साथ अब चाइनीज, कांटीनेंटल, इटालियन, मैक्सिकन फूड पसंद की जा रही हैं। इनके कारण भोजन का खर्च 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ गया है। पहले जहां 200 लोगों का भोजन 100 से 150 रुपए थाली के हिसाब से हो जाता था। वही अब बढ़कर 250 से 300 रुपए तक पहुंच गया है।

- **25 से 30 प्रतिषत तक महंगे हुए सात फेरे**

गार्डन से लेकर डीजे तक महंगा:- मैरिज गार्डनों की बुकिंग रेट में बढ़ोत्तरी होने का असर शादी कराने वाले परिवार पर पड रहा है। लोगों ने बताया कि हलवाई के रेट 25 प्रतिशत बढ़ गए हैं। वही, पिछले वर्ष घोडा 1100 से लेकर 2100 रुपए में बुक होता था, अब 3000 रुपए से 5100 रुपए तक लिए जा रहे हैं। पिछले वर्ष डीजे 8000 रुपए से लेकर 10000 रुपए में बुक होता था, अब 15000 रुपए से 25000 रुपए के साथ समय सीमा की शर्त भी रखने लगे है।

रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कार्यक्रम आयोजित

विद्यालय में फैंसी ड्रेस व अंग्रेजी भाषा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रावतभाटा, (निसं)। श्रद्धालय पब्लिक विद्यालय में शनिवार को फैंसी ड्रेस व अंग्रेजी भाषा में भाषण प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने पुलिस अधिकारी, डॉक्टर, शिक्षक, सैनिक के साथ ही फलों, सब्जियों, विभिन्न जानवरों और मोर के रूप में अपनी भूमिकाओं को निभाया जिसे काफी सराहना मिली।

भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों जैसे खेल दिवस, क्रिसमस उत्सव, हमारा देश और हमारे राज्य आदि में विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने भरपूर आत्मविश्वास दिखाया। इस आयोजन पर संस्था के चेयरमैन ए.जी. मिर्जा, डायरेक्टर डॉ. अजहर मिर्जा व डॉ.मजहर मिर्जा ने अपने संबोधन में बच्चों की प्रशंसा की और अभिभावकों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों को आगे भी स्कूल के इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। प्राचार्या आरती मिश्रा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर छुपी हु प्रतिभा को उभार कर सामाजिक, बौद्धिक और नैतिक मूल्यों का विकास कराती है।

जिला स्तरीय हस्तशिल्प व अमृता हाट में खरीददारी का रंग जमा

बून्दी (निसं)। बून्दी महोत्सव के तहत जिला प्रशासन एवं उद्यम प्रोत्साहन संस्थान बून्दी द्वारा बून्दी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला 2024 तथा महिला अधिकारिता विभाग, बून्दी द्वारा जिला स्तरीय अमृता हाट मेला 2024 का संयुक्त रूप से 19 से 28 नवम्बर 2024 तक कुम्भा स्टेडियम, छत्रपुरा रोड, बून्दी में आयोजन किया जा रहा है।

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि मेले में आर्टिफिशयल ज्वैलरी, लाख की चुडियॉ, जर्मन केमिकल, लकडी के खिलोने, बलेक टेराकोट, मार्बल आयटम, कढाईदार ड्रेस, कोटा डोरिया, पूजन-पोशाक सामग्री, पर्दे-पर्स, पायदान, नमदे, बेडशीट, शॉल, जुतियां, लेदर एवं रेगजीन उत्पाद बंधेज, लहरिया, हर्बल एवं आयुर्वेदिक उत्पाद, अचार-मुरब्बा-पापड, मंगोडी, मसाले, नमकीन, रेडिमेड गारमेन्ट, पेपर मेसी-वर्क, घरेलू उपयोग सामग्री एवं अन्य हेण्डीक्राफ्ट उत्पाद उचित दर पर खरीदे जा रहे है। खान-पान, झूले, सांस्कृतिक मनोरंजन कार्यक्रम जैसे नुक्कड-नाटक व कटपुतली शो का प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा है।

कपिल गुप्ता ने एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता का एसडीपी डोनेट कर लोगों की मदद का अभियान निरंतर जारी है, ऐसे में कैलाशी बाई को बी-पॉजिटिव एसडीपी कपिल गुप्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कैलाशी बाई की तबीयत खराब थी, उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उनके पुत्र राजेंद्र एवं जीजा हरि ओम परेशान हो रहे थे, टीम जीवनदाता से संपर्क करने के बाद उन्हें आश्वस्त किया गया कि उनकी बी पॉजिटिव एसडीपी की व्यवस्था हो जाएगी, यह पूरी बात कपिल गुप्ता ने सुनी तो उन्होंने एसडीपी डोनेट करने की इच्छा जाहिर की। वह एक शादी समारोह में थे, उन्होंने कैलाश बाई के लिए एसडीपी डोनेट करना पहले जरूरी समझा।

बूंदी के इतिहास और स्थापत्य की जानकारी ली

बूंदी उत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने शैक्षिणक भ्रमण किया।

बूंदी (निसं)। बूंदी उत्सव के दौरान सर्वोदय पैरामाउंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिणक भ्रमण आयोजित कर बूंदी के इतिहास और यहां की स्थापत्य कला के बारे में जानकारी प्राप्त की। सर्वोदय पैरामाउंट के सीईओ फारूख राणा तथा प्राचार्य वरिन्दर कौर के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने सुखमहल स्थित म्यूजियम को देखा और यहां राजा-महाराजाओं के पुराने अस्त्र-शस्त्र और अन्य कई सामग्रियां थी। पुराने हथियारों को देखकर बच्चे काफी रोमांचित हुए। सुखमहल में स्थित प्राचीन मूर्तियों बच्चों ने को भी बच्चों ने निहारा। बच्चों ने 84 खंभों की छतरी का अवलोकन किया। वहां पर राजस्थानी वेशभूषा में कलाकारों के साथ राजस्थानी पारंपरिक नृत्य किया।

सर्वोदय ग्रुप के चेयरमैन एजी मिर्जा ने बताया कि बच्चों के पढ़ाई के तनाव को कम करने के लिए स्कूल की ओर से समय-समय पर भ्रमण करवाया जाता है। ताकि उन्हें ज्ञान, नई ऊर्जा और तनावमुक्त वातावरण मिल सके। सर्वोदय ग्रुप के सीईओ फारूक राणा ने बच्चों को बूंदी की भौगोलिक स्थिति के बारे में बताया और बूंदी का इतिहास की जानकारी दी। इस दौरान कॉर्डीनेटर गरिमा शर्मा, स्वाति, नसरीन, खुशी, मनीषा, मुनव्वर और आरीफ भी मौजूद रहे।

सांसद दुष्यंत सिंह ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़-बांरा के लोकप्रिय सांसद दुष्यंत सिंह द्वारा मिनी सचिवालय स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया।

शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद का स्वागत एएनएम प्रशिक्षिण केन्द्र में अध्ययनरत छात्राओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। सांसद, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने एएनएम प्रशिक्षिण केन्द्र में अध्ययनरत छात्राओं के साथ गुप फोटा खिचवाया। जिले में नवनियुक्त नियमित एएनएम के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत कर आभार प्रकट किया। शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बाहर एएनएम प्रशिक्षिण केन्द्र में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा स्वागत रंगोली बनाई गई। सांसद द्वारा फिता काट कर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर आमजन को समर्पित किया। शुभारंभ पश्चात् सांसद द्वारा जनता क्लिनिक में रजिस्ट्रेशन काउन्टर, चिकित्सक कक्ष, दवा कक्ष, लैब, ऑब्जवेशन बड, प्रतिक्षालय का निरीक्षण किया। जनता क्लिनिक के मिनी सचिवालय परिसर में आरम्भ होने पर मिनी सचिवालय परिसर में कार्यरत कार्मिको के साथ ही आस-पास के क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा।

झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया की शुभारंभ समारोह में सांसद के साथ, जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण अमेटा, उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण, कालूराम मेघवाल विधायक डग, गोविन्द रानिपुरिया विधायक मनोहरथाना, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष संजय जैन, रंजीता पांडे महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष झालावाड चन्द्रमोहन दाभाई जिला अध्यक्ष, मुकेश चेलावत पूर्व कार्यालय प्रभारी बीजेपी, हर्षवर्धन शर्मा, नगर परिषद चैयरमैन संजय शुक्ला, पूर्व प्रधान अरुणा मीणा, लालीबाई, जिला महामंत्री राजेश जैन, यतिन यादव, संजय वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।